# प्रोसेसिंग से लेकर एक्सपोर्ट की मिलेगी सुविधा

## पीएम मोदी कल धार के भैंसोला में करेंगे पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन

▸ विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित सबसे बड़ा पार्क

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 15 सितंबर. धार जिले के भैंसोला में बनने वाला पीएम मित्र पार्क आधुनिक भारत की औद्योगिक शक्ति का प्रतीक बनेगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को इस पार्क का भूमिपूजन करेंगे. लगभग 2000 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला यह पार्क स्पिनिंग से लेकर डिजाइनिंग, प्रोसेसिंग और एक्सपोर्ट तक की सभी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराएगा.**

यह देश का पहला और सबसे बड़ा पीएम मित्र पार्क होगा, जिसमें कपास से परिधान तक की पूरी वैल्यू चेन विकसित होगी. किसानों को अब कच्चे कपास की बिक्री तक सीमित नहीं रहना पड़ेगा बल्कि उनकी उपज यहीं मूल्य संवर्धन की प्रक्रिया से



गुजरकर परिधान बनेगी और वैश्विक बाजार तक पहुंचेगी. विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन इंडस्ट्रियल टाउनशिप जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस यह पार्क मप्र को कॉटन कैपिटल की नई पहचान दिलाएगा.

**किसानों को मिलेगा वास्तविक मूल्य और वैश्विक पहचान:** मध्यप्रदेश में साढ़े तीन लाख से अधिक कपास उत्पादक किसान हैं. अब तक वे केवल कच्चे कपास की बिक्री तक सीमित थे, लेकिन पीएम मित्र पार्क के बाद उनकी फसल स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन की संपूर्ण श्रृंखला से जुड़ेगी. कपास से यार्न, फैब्रिक, गारमेंट और रेडीमेड परिधान तक की पूरी प्रक्रिया यहीं पूरी होगी. जैविक कपास से बने परिधान सीधे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स तक पहुंचेंगे. मप्र पहले ही विश्व के 24 प्रतिशत नॉन-जीएमओ ऑर्गेनिक कॉटन का उत्पादक है, और अब किसानों को उनकी फसल का वास्तविक मूल्य और वैश्विक पहचान दोनों मिलेंगे.

### प्रदेश की ताकत और मेजर प्लेयर्स की उपस्थिति

मध्यप्रदेश से वर्ष 2024-25 में 9,200 करोड़ रुपये से अधिक का टेक्सटाइल निर्यात हुआ है. यहां 31 गीगावॉट से अधिक पावर क्षमता उपलब्ध है, जिसमें लगभग 30 प्रतिशत क्लीन ग्रीन एनर्जी शामिल है. एक हजार मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक औद्योगिक जल संसाधन, छह इनलैंड कंटेनर डिपो और एक मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क से निर्यात प्रक्रिया बेहद सहज होगी. प्रदेश पहले से ही ट्राइडेंट ग्रुप, वार्धमान, ग्रासिम, नाहर, रेमंड, प्रतिभा सिन्टेक्स, गोकलदास एक्सपोर्ट, महिमा ग्रुप और सागर ग्रुप जैसे बड़े औद्योगिक समूह है. इन कंपनियों की उपस्थिति से यार्न, फैब्रिक, गारमेंट और मशीनरी निर्माण की संपूर्ण वैल्यू चेन पहले से मौजूद है, जिसे पीएम मित्र पार्क और मजबूत करेगा. धार, झाबुआ, रतलाम और उज्जैन जैसे कपास उत्पादक जिलों के किसान अब औद्योगिक क्रांति के केंद्र में होंगे. आदिवासी युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलेंगे.

धार का पीएम मित्र पार्क आकार और सुविधाओं दोनों में अद्वितीय है. यहां जीरो लिक्विड डिस्चार्ज आधारित कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 220 केवी सबस्टेशन और 20 एमएलडी पानी की उपलब्धता होगी. स्काडा और आईओटी आधारित यूटिलिटी मॉनिटरिंग सिस्टम इस पार्क को डिजिटल और स्मार्ट बनाएगा. ग्रीन इंडस्ट्रियल टाउनशिप का प्रमाणन इसे टिकाऊ औद्योगिक विकास का मॉडल बनाएगा. भूमि, बिजली और पानी प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध होंगे, जिससे यह पार्क भारत का सबसे किफायती और प्रतिस्पर्धी टेक्सटाइल हब बनेगा.

# 18 आईएएस अफसर के तबादले

▸ गढ़पाले सचिव ऊर्जा विभाग पदस्थ





**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल 15 सितंबर, राज्य सरकार ने सोमवार देर रात भारतीय प्रशासनिक सेवा के 18 अफसर को इधर से उधर कर दिया है.**

केंद्रीय प्रति नियुक्ति से वापसी के बाद पद स्थापना के लिए प्रतीक्षारत विशेष गढ़पाले को सचिव ऊर्जा विभाग पदस्थ किया गया है. सबसे बड़ी बात ताजा फेरबदल में आठ युवा आईएएस अफसरो को नगरीय निकायों में पदस्थ किया गया है यह पहली बार है की एक साथ इतने अधिक युवा आईएएस अफसर को नगरी निकायों में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. नगरी निकायों के कामों को रफ्तार देने के लिए यह जिम्मेदारी अब आईएएस अफसर को सौंपी गई है. इनमें से ज्यादातर अधिकारी इस समय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की जिम्मेदारी संभाल रहे थे. राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के भी दो अफसर को नगरीय निकायों में पदस्थ किया है.

### अतिरिक्त प्रभार

अंजू अरुण कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्मार्ट सिटी भोपाल को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ अपर आयुक्त नगर पालिक निगम भोपाल का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है. वंदना वैद्य के कार्यभार ग्रहण करने पर सुश्री तन्वी हुड्डा केवल प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश वित्त निगम इंदौर के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होगी.

### सूची इस प्रकार है

- विशेष गढ़पाले पद स्थापना के लिए प्रतीक्षारत सचिव ऊर्जा विभाग
- वंदना वैद्य संचालक आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं एमडी मध्य प्रदेश वित्त निगम इंदौर
- गजेंद्र सिंह नागेश सीईओ जिला पंचायत सिंगरौली सीईओ जिला पंचायत नरसिंहपुर
- गुरु प्रसाद एमडी स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क स्वान उपसचिव मुख्य सचिव कार्यालय
- दिव्यांक सिंह सीईओ स्मार्ट सिटी इंदौर अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल
- तपस्या परिहार सीईओ जिला पंचायत छतरपुर आयुक्त नगर पालिका निगम कटनी
- शिशिर गेमावत सीईओ जिला पंचायत कटनी अपर आयुक्त नगरी प्रशासन एवं विकास भोपाल
- डॉ नेहा जैन सीईओ जिला पंचायत सीहोर उपसंचालक नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण इंदौर
- श्रेयांश कुमट सीईओ जिला पंचायत मंडला सीईओ जिला पंचायत उज्जैन
- तन्मय वशिष्ठ शर्मा सीईओ जिला पंचायत अनूपपुर अपर आयुक्त नगर पालिक निगम भोपाल दलीप कुमार सीईओ जिला पंचायत नरसिंहपुर आयुक्त नगर पालिका निगम देवास
- पवन नवजीवन विजय सीईओ जिला पंचायत सिवनी अपर कलेक्टर जिला इंदौर
- अनिल कुमार राठौर सीईओ जिला पंचायत डिंडोरी कार्यकारी संचालक मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर
- अंशुमन राज सीईओ जिला पंचायत सीधी मो स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क स्वान
- अर्थ जैन एसडीओ राजस्व जोबट अलीराजपुर सीईओ स्मार्ट सिटी इंदौर
- अरविंद कुमार शाह एसडीओ राजस्व शहडोल जिला शहडोल अप्रयुक्त नगर पालिका निगम जबलपुर
- टी प्रतीक राव एसडीओ राजस्व इटारसी जिला नर्मदा पुरम अपर आयुक्त नगर पालिका निगम ग्वालियर
- अनीशा श्रीवास्तव एसडीओ राजस्व पिपरिया जिला नर्मदा पुरम कार्यकारी संचालक मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर

### राज्य प्रशासनिक सेवा अफसर

- श्रृंगार श्रीवास्तव सीईओ जिला पंचायत रतलाम अपर आयुक्त नगर पालिक निगम इंदौर
- अनिल भाना भू प्रबंधन अधिकारी जिला रतलाम आयुक्त नगर पालिक निगम रतलाम

# भेल में विश्वकर्मा पूजा कल, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**बीएचईएल संवाददाता**
**भोपाल, 15 सितंबर. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भोपाल में 17 सितम्बर 2025 को विश्वकर्मा पूजा समारोह आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर कर्मचारी एवं उनके परिजनों को पहचान पत्र (स्मार्ट कार्ड) और चिकित्सा पुस्तिका में दर्ज विवरण के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा.**

संविदा श्रमिक अपने पति/पत्नी व बच्चों सहित पहचान पत्र एवं ईएसआई कार्ड दिखाकर प्रवेश कर सकेंगे. फैक्ट्री में प्रवेश केवल गेट क्रमांक 1, 5 और 6 से सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक ही मिलेगा. सेवानिवृत्त कर्मचारी, जो बीएचईएल-आरईसीएचएस से जुड़े हैं, वे गेट 1 और 6 से आधार कार्ड सहित फोटो मेडिकल पुस्तिका दिखाकर प्रवेश कर पाएंगे.

प्रबंधन ने विस्फोटक, हथियार, टेप रिकॉर्डर, ट्रांजिस्टर, हैंडबैग, कैमरा, दूरबीन और कैमरे वाले मोबाइल फोन के प्रवेश पर सख्त रोक लगाई है. इस वर्ष की झांकी का विषय होगा आयात पर प्रहार, स्वदेशी का विस्तार - आत्मनिर्भर भारत की नींव. आगंतुकों को यूएचवी प्रयोगशाला, गैस एवं पावर प्लांट, ज्वलनशील भंडार, सीआईटी विभाग, कंप्यूटर भवन, टेलीफोन एक्सचेंज, प्रशासनिक भवन, हाइड्रो प्रयोगशाला, कंट्रोल गियर लैब, सीईटी लैब, टेस्टिंग लैब, एनक्सेस और इलेक्ट्रोप्लेटिंग शॉप जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी.

## अलीराजपुर नहीं, अब आलीराजपुर होगा नाम

**भोपाल, 15 सितंबर.** प्रदेश का अलीराजपुर जिला अब आलीराजपुर के नाम से जाना जाएगा. राजस्व विभाग ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं. इससे पहले राज्य सरकार ने जिले का नाम परिवर्तन करने के लिये प्रस्ताव भारत सरकार गृह मंत्रालय को भेजा था. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीते 21 अगस्त को नाम परिवर्तन पर अनापत्ति दे दी थी. उसके बाद राजस्व विभाग ने औपचारिकता पूरी कर जिले का नाम बदलने का आदेश जारी कर दिया.

## भगवान देवनारायण की शोभायात्रा निकाली

**बैरसिया, 15 सितंबर. गुर्जर समाज के आराध्य देवनारायण भगवान के जन्मोत्सव के उपलक्ष में सोमवार को रुनाहा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो रुनाहा जोड़ स्थित बालाजी मंदिर से रथ एवं निशान के साथ प्रांरभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए देवनारायण एवं भेरू बाबा मंदिर बॉक्सी जोड़ पर संपन्न हुई.**

यात्रा में राष्ट्रीय वीर गुर्जर व्यायाम शाला के प्रमुख पहलवान राजा गुर्जर की टीम के युवाओं द्वारा किए करतबों का प्रदर्शन एवं घोड़ा- घोड़ियों का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा. इस अवसर पर बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के अलावा सामाजिक धार्मिक और राजनैतिक दलों के लोग देवनारायण भगवान के जयकारे लगाते देखे गए. इस अवसर पर पूर्व विधायक जोधाराम गुर्जर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुर्जर समाज धार्मिक, राजनेतिक सहित शिक्षा, संस्कार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है. ये हम सभी के लिए बहुत खुशी का विषय है. कमल सिंह गुर्जर भावपुर ने भी गुर्जर समाज के विकास पर प्रकाश डाला.

## नहीं मिला खाद, किसानों ने किया हाईवे जाम

**उदयपुरा, 15 सितंबर.** तीन दिन से यूरिया के लिए भटक रहे किसानों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया. लंबे समय से टोकन लेकर तहसील के चक्कर काट रहे किसानों को जब खाद नहीं मिली तो उन्होंने सोमवार को एकजुट होकर बड़ा कदम उठाया. देखते ही देखते सैकड़ों किसान राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंच गए और टोल गेट के सामने जाम लगा दिया. इस दौरान किसान खाद की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे. प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों से वादा किया कि तीन दिन के भीतर 10-10 बोरी खाद उपलब्ध कराई जाएगी, तब किसानों ने चक्काजाम खत्म किया. किसानों के आक्रोश का आलम यह रहा कि नेशनल हाईवे पर भोपाल से जबलपुर और जबलपुर से भोपाल आने-जाने वाला पूरा ट्रैफिक थम गया. हजारों की संख्या में वाहन फँस गए और यात्रियों को घंटों तक गर्मी और परेशानी झेलनी पड़ी.

# छात्र-छात्राओं ने किया आईटीआई का भ्रमण

**बैरसिया, 15 सितंबर. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहाया के वोकेशनल ट्रेड आईटी एवं आईटीईएस में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र (आईटीआई) बैरसिया का भ्रमण कराया गया.**





स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार गुजराती ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी एवं उससे जुड़े उद्योगों की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान कराना है. सोमवार को स्कूल सोहाया से 50 छात्र-छात्राओ ने औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र बैरसिया एवं ऑनलाइन डाटा पॉइंट का भ्रमण किया. इस दौरान छात्रों को विशेषज्ञों द्वारा सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, नेटवर्किंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, बीपीओ सेवाएँ, डाटा प्रबंधन एवं साइबर सुरक्षा सम्बंधी जानकारियां दी गई. वहीं आईटी उद्योग क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा छात्र छात्राओं से सीधा संवाद किया और उन्हें बताया कि आज के डिजिटल युग में आईटी एवं आईटीईएस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने की असीम संभावनाएं हैं. उन्होंने छात्रों को तकनीकी दक्षता, नवाचार तथा टीमवर्क पर विशेष जोर देने की प्रेरणा भी दी. इधर छात्र-छात्राओं ने भी भ्रमण के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस भ्रमण से उन्हें किताबों में पढ़े गए सिद्धांतों को वास्तविक जीवन में घटित होते देखने का अवसर मिला है. इससे आत्मविश्वास बढ़ा है और भविष्य में इस क्षेत्र में अपना करियर की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त हुए हैं. भ्रमण दौरान छात्र-छात्राओं के साथ संस्था के शिक्षक सुभाष रजक एवं वीटी रोशनी पवार थे.

### इनका कहना है

इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. इससे विद्यार्थियों को उद्योग क्षेत्र की वास्तविक गतिविधियों से परिचित होने का अवसर मिलता है.

**संध्या सिंह,**
प्राचार्य शासकीय उमावि सोहाया

## कूनो नेशनल पार्क में चीता की मौत

**श्योपुर, 15 सितम्बर. कूनो नेशनल पार्क से एक बार फिर बुरी खबर आई है. ज्वाला की शावक 20 माह की मादा चीता की मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि शिकार के दौरान वह घायल हुई थी. जिसके बाद उसने दम तोड़ दिया.**

दरअसल, अफसरों ने आज मादा चीता को मृत अवस्था में बरामद किया. जिसके बाद उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. हालांकि, पीएम रिपोर्ट के बाद मौत की असली वजह का पता चल पाएगा.

क्षेत्र संचालक, चीता परियोजना ने बताया कि सोमवार शाम लगभग 6.30 बजे माता चीता ज्वाला की एक 20 माह की मादा उप-वयस्क चीता जंगल में मृत पाई गई. उसे 21 फरवरी 2025 को मां जवाला और 3 शावकों के साथ जंगल में छोड़ा गया था. मृत मादा उप वयस्क चीता ने उसने अपनी मां को एक महीने से अधिक समय पहले और अपने साथी शावकों को कुछ दिन पहले छोड़ दिया था.

क्षेत्र संचालक ने बताया कि मृत्यु का प्राथमिक कारण तेंदुए के साथ संघर्ष प्रतीत होता है. विस्तृत जानकारी पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ज्ञात होगी. उल्लेखनीय है कि कूनो में अब कुल 25 चीते हैं, जिनमें 9 वयस्क (6 मादा और 3 नर) और 16 भारत में जन्में चीते शामिल हैं. सभी स्वस्थ हैं और अच्छी स्थिति में हैं.

# प्रांत छात्रा सम्मेलन का भव्य उद्घाटन

## राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी एवं राष्ट्रीय मंत्री कु. शालिनी वर्मा रही मौजूद

**विदिशा, 15 सितंबर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मध्यभारत प्रांत के द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांत छात्रा सम्मेलन का आज विदिशा नगर में भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ. उद्घाटन सत्र में मध्यप्रदेश सरकार में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री कु. शालिनी वर्मा, प्रांत अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत, प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी, एवं प्रांत छात्रा प्रमुख कु. बबली शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे.**

उद्घाटन सत्र में अतिथियों ने छात्राओं को सशक्त नेतृत्व की प्रेरणा दी और देश के विकास में



उनकी भूमिका पर जोर दिया.

अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री कु. शालिनी वर्मा ने प्रांत छात्रा सम्मेलन में कहा कि बेटियां न केवल घर की जिम्मेदारियां निभा रही हैं, बल्कि साहस और योग्यता के साथ अंतरिक्ष की सीमाएं भेद रही हैं, युद्धक विमान चला रही हैं और आतंकवादियों को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से ध्वस्त कर रही हैं. उन्होंने भारत की वीरांगनाओं सुषमा स्वराज, रानी अबक्का, अहिल्याबाई होलकर, सावित्रीबाई फुले, रानी पद्मावती, हांडी रानी जैसे आदर्शों का स्मरण करते हुए बताया कि महिला संस्कार से विकसित भारत निर्माण ही वर्तमान युग की आवश्यकता है. कु शालिनी वर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य, संस्कार और समाज की सेवा है.

## 31 मवेशियों को भेजा कांजी हाउस



**भोपाल, 15 सितम्बर. नगर निगम द्वारा सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउसों भेजने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है. इसी तारतम्य में निगम के गौवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विचरण करने वाले 31 मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा, जबकि 01 बीमार/घायल पशु को आसरा भेजने की कार्यवाही की.**

हांका पार्टी ने विभिन्न सड़कों आदि पर विचरण करने वाले 20 पशुओं को सड़कों से हटाया. निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने जहांगीराबाद पुलिस कंट्रोल रूम, लाल परेड ग्राउण्ड, माता मंदिर, लिंक रोड नं. 02 व 03, चूना भट्टी, सर्वधर्म कालोनी, शाहपुरा, मनीषा मार्केट, अटल पथ, जाटखेड़ी, भोपाल मेमोरियल हास्पिटल, करोद आदि क्षेत्रों में विचरण कर रहे 31 मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा और एक घायल मवेशी को आसरा भेजा गया.



# बच्चों की देखभाल में नर्सों का अमूल्य योगदान

## एम्स में मनाया इंटरनेशनल पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी नर्सेस डे

**भोपाल, 15 सितंबर. सितंबर माह को पूरे विश्व में बाल्यावस्था कैंसर जागरुकता माह के रूप में मनाया जाता है.**

इसी के अंतर्गत एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग ने इंटरनेशनल पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी नर्सेस डे मनाया, ताकि कैंसर पीड़ित बच्चों की देखभाल में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा जा सके. नर्सें अपनी निष्ठा, संवेदनशीलता और विशेष देखभाल के माध्यम से कैंसर से जूझ रहे बच्चों और उनके परिवारों की लंबी यात्रा को सहज और सरल बनाती हैं. इस अवसर पर प्रो. शिखा मलिक, बाल रोग विभागाध्यक्ष ने नर्सों को उनके अमूल्य योगदान के लिए बधाई दी और उन्हें सतत सीखते रहने व बेहतर देखभाल के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया. बाल रोग विभाग के सभी संकाय सदस्यों और पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी के सहयोगी स्टाफ ने भी नर्सों के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्हें रोगी देखभाल टीम की रीढ़ बताया.

**सफलता** ▸ विद्यार्थियों ने प्रशासनिक सेवाओं में चयन पाकर संस्थान का नाम किया रोशन

# एमपीपीएससी 2024 में दर्पण सिविल सर्विसेज भोपाल का शानदार प्रदर्शन

▸ 8 विद्यार्थियों का चयन

**भोपाल, 15 सितम्बर. शनिवार को घोषित एमपीपीएससी 2024 के परिणाम में दर्पण सिविल सर्विसेज भोपाल ने एक बार फिर अपनी सफलता का परचम लहराया है. कुल 96 सफल अभ्यर्थियों में से संस्थान के 8 विद्यार्थियों ने प्रशासनिक सेवाओं में चयन पाकर संस्थान का नाम रोशन किया है.**





इस परीक्षा में भोपाल साइबर क्राइम में आरक्षक रहे गिर्राज परिहार ने रैंक 8 प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर का पद हासिल किया है. इससे पहले वे 2022 में असिस्टेंट डायरेक्टर, स्कूल एजुकेशन के पद पर चयनित हो चुके थे. वहीं, बैरागढ़ निवासी मुस्कान सोनी का चयन डीएसपी पद पर हुआ है. मुस्कान पहले सब-रजिस्ट्रार के रूप में चयनित हो चुकी हैं और उन्होंने मैनिट भोपाल से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है. इसके अलावा विदिशा जिले के सिरोंज निवासी आकाश रघुवंशी और रोशनी पवार का चयन असिस्टेंट डायरेक्टर (फाइनेंस) के पद पर हुआ है. आकाश पिछले सात वर्षों से भोपाल में रहकर तैयारी कर रहे थे. भोपाल मंत्रालय में सहायक ग्रेड-2 के रूप में कार्यरत राखी सोनी को एटीओ के पद पर नियुक्ति मिली है, वहीं शैलेश मिश्रा का चयन भी डीएसपी पद पर हुआ है.

दर्पण सिविल सर्विसेज के निदेशक राकेश नागर ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उत्कृष्ट भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. उन्होंने बताया कि यह संस्थान हमेशा से उत्कृष्ट परिणामों के लिए जाना जाता है. 2021 में संस्थान से लगभग 31 अभ्यर्थियों का चयन हुआ था जिनमें टॉप 10 में 6 विद्यार्थियों का चयन हुआ था, जिनमें रैंक 1 पर अंकिता पाटकर शामिल थी. 2022 में भी लगभग 16 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की थी. उन्होंने कहा कि संस्थान अपनी गुणवत्तापूर्ण एमपीपीएससी की तैयारी के लिए जाना जाता है.


**MP MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.**
**OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGAER (STM-STC) DIVISION, Narmadapuram**
**Email : eestchbad@gmail.com**

**NOTICE INVITING E-TENDER**

E-Tenders are invited from eligible bidders (A-2 and Above Current Registration Certificate) for carrying out the following works on semi turn key basis

| T.S. No. | Name of Work | Approx. Cost of Work (In Lakh) | Bid Submission Last Date & Time | Bid Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| 36 Date 13.09.25 | Installation of DTR Fencing under Narmadapuram Zone-1, 2 & Seoni Malwa (T) D/c under (O&M) Division Narmadapuram. | 13.13 | 15.09.2025, 09:00 Hrs. up to 25.09.2025, 15:00 Hrs. | 26.09.2025 after 15:30 Hrs. |
| 37 Date 13.09.25 | DTR Fencing 25 No. Location under Itarsi (T) D/c under (O&M) Division Itarsi. | 8.70 | 15.09.2025, 09:00 Hrs. up to 25.09.2025, 15:00 Hrs. | 26.09.2025 after 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website: **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/122085/2025 **DGM (STM & STC)**